# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025




## खबर संक्षेप

### राधागोविंद मंदिर कमलपुर में अखंड नाम संकीर्तन का आयोजन 4 नवंबर से

**बिश्रामपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रास पूर्णिमा को गुरूदेव श्री मदन मोहन ब्रजवासी गोस्वामी के तिरोधान दिवस रासोत्सव के अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा में 4 से 7 तक 16 प्रहर अखण्ड नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा,आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरांग मंडल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे स्थित श्रीश्री राधागोविंद सेवाकुंज मंदिर कमलपुर प्रांगण में कार्तिक पूर्णिमा पर रासोत्सव का आयोजन किया जाएगा,कार्यक्रम में 4 नवंबर को अधिवास एवं कलश यात्रा, 5 नवंबर को प्रातः6 बजे से अखण्ड नाम संकीर्तन प्रारंभ, 7 नवंबर को नाम संकीर्तन प्रातः 6 बजे समापन, 7 बजे नगर भ्रमण तथा दोपहर 12 बजे से धर्म प्रवचन पश्चात पदावली एवं लीला कीर्तन,दोपहर 3 बजे से महोत्सव एवं महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा,आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम में अधिकाधिक श्रद्धालुओं से शामिल होने आह्वान किया गया है। ज्ञात हो कि संध्या आरती प्रतिदिन संध्या 7 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा।

### स्वच्छता के महत्व पर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक



**सूरजपुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंडवाशिंग डे के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समुदाय के बीच हाथों की स्वच्छता के महत्व को समझाना तथा बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि साबुन और पानी से नियमित रूप से हाथ धोने की आदत अपनाने से अनेक संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव है। विद्यार्थियों को हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन कर व्यावहारिक जानकारी दी गई। मध्याह्न भोजन से पूर्व सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से हाथ धोकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों में स्वच्छता के प्रति रुचि जागृत करने के लिए नारा एवं प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### सौ मीटर तक बहते देखा गया युवक

# मछली पकड़ते समय एनीकट में बहा युवक, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

एनीकट में मछली पकड़ने गया युवक पैर फिसल जाने से एनीकट में गिर गया जिससे पानी के तेज बहाव में बह गया। युवक का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। प्रशासन और स्थानीय लोगों द्वारा तलाश की जा रही है।

**खास बात**

- एनीकट से बहकर अब तक छह लोगों की हो चुकी है मौत

जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 14 निवासी काशी भुइंया आ.बैजनाथ भुइंया (25 वर्ष) दोपहर करीब 3.30 बजे मछली पकड़ने एनीकट गया था। युवक मच्छरदानी से मछली पकड़ने का जुगाड़ बनाकर एनीकट के पहले गेट पर बैठकर मछली मार रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और एनीकट में गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने स्वयं को बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के चलते वह बहने लगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक को लगभग 100 मीटर तक पानी में बहते देखा गया, जिसके बाद वह नज़रों से ओझल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई, जिसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया।



एनीकट के पास मौजूद लोग।

फिलहाल पुलिस और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक का कुछ भी पता नहीं चल सका है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों में गहरी चिंता और शोक का माहौल है। यह हादसा एनीकट क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े करते है, जहां सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। परिजन युवक की सकुशल वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं, वहीं प्रशासन द्वारा सर्च ऑपरेशन तेज करने की मांग की जा रही है।

संभावना जताई जा रही है कि पत्थरों के बीच फंसा होगा। एनीकट के नीचे काफी पत्थर है।एनीकट को बनाने में करीब 9 करोड़ रुपए राशि खर्च किए गए परंतु एनीकट का कार्य आज तक पूरा नहीं हुआ है। डाउन स्ट्रीम फ्लोर का फर्श नहीं बना है जिस कारण से एनीकट से गिरने के बाद कोई संभल नहीं पाता है जिससे मौत हो जाती है। एनीकट क्षतिग्रस्त सरिया एवं पत्थर लोगों के लिए जानलेवा है। अब तक छह लोगों की मौत हो गई है।



### छात्राओं को मिली निःशुल्क सरस्वती सायकल

**बिहारपुर।** शासकीय हाईस्कूल महुली में बुधवार को शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष बैकुंठ प्रसाद जायसवाल की अध्यक्षता में कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मदल लाल जायसवा, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रामलल्लू देवांगन, अशोक जायसवाल, संतोष कुमार साहू, प्राचार्य रामशरण प्रजापति, व्याख्याता ओमप्रकाश साहू, वीरेंद्र सिंह श्रीमती आशा प्रजापति, सविता साहू व संकुल समन्वयक संजय कुमार जायसवाल उपस्थित थे।

# लूट कांड के फरार आरोपी को पुलिस ने पांच साल बाद किया मुंबई से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. शंकरगढ़

थाना शंकरगढ़ क्षेत्र में 2020 में घटित लूट कांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता का उपयोग करते हुए मुंबई से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी रीवा अंतर्गत जवा थाना क्षेत्र इटवारा निवासी संजय कुमार मिश्रा आ. बैजनाथ मिश्रा (38 वर्ष) पिछले पांच वर्षों से फरार था और अपनी पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था। इधर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 392, 420, 120 के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

पुलिस के मुताबिक शंकरगढ़ निवासी रूपेश कुमार अग्रवाल आ. स्व. ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा 11 दिसंबर 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया गया था कि 10 दिसंबर 2020 को पूजा सामग्री के विसर्जन के बहाने बुलाकर बाबा संजय शर्मा उर्फ सच्चिदानंद एवं उनके साथियों ने घर से लाखों रुपये के जेवर और नकदी



लेकर फरार हो गए थे। घटना के बाद से आरोपी फरार था। पुलिस द्वारा लगातार अनुसंधान और तकनीकी निगरानी करते हुए अंततः टीम ने आरोपी की मुंबई में होने की जानकारी मिली। पुलिस की विशेष टीम गठित कर दबिश दी गई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी शंकरगढ़ जितेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय रही।

### अभाविप ने लरंगसाय महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर महाविद्यालय का किया घेराव

**रामानुजगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा महाविद्यालय के व्याप्त समस्याओं को लेकर महाविद्यालय का घेराव किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष अर्चित ठाकुर ने बताया गया की महाविद्यालय में बीते कई महीनों से कुछ संकाय में प्राध्यापक नही होने के कारण विद्यार्थी समस्त विषय का अध्ययन करने से वंचित हो रहे, जिससे उनका भविष्य खराब हो सकता है। एक माह के पश्चात समस्त छात्र-छात्राओं का सेमेस्टर परीक्षा प्रारंभ होने वाली है जिसको लेकर विद्यार्थी चिंतित हैं।पूर्व में भी प्राचार्य को ज्ञापन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया था। जिसका कोई भी समाधान नहीं किया गया। विकास महतो ने बताया कि महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं में आक्रोश की भावना थी। समस्या को लेकर समस्त छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य को अवगत कराया एवं चेतावनी दिया कि सात दिवस के अंतराल में अध्यापकों की नियुक्ति नहीं गया तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान विकास महतो,परमानंद कुशवाहा, सत्यम, श्रेया ठाकुर, प्रमोद पूरी, कपिल, चंदन, नीतू, रजनी, किंकर, निरपेन, सलोनी, मृदुला, अंकिता सहित कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## बिजनेस प्लस

### धनतेरस, दीपावली व छठ पर्व को लेकर आनन्द हीरो में लगी ग्राहकों की भीड़

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग के डीलर आनन्द ऑटोमोबाइल्स आनन्द नगर एवं देवीगंज रोड में दीपावली धमाका ऑफर को लेकर ग्राहकों की भारी भीड़ आ रही है आनन्द हीरो के संचालक प्रदीप गुप्ता ने बताया की हमारे हीरो शोरूम में उपहार की बौछार दी जा रही है जिसमें.प्रथम स्क्रैच करने पर एलइडी टीवी , वाशिंग मशीन, फ्रिज, एयर कूलर, हॉटपाट जैसे अनेकों उपहार और.दूसरे स्क्रैच पर गुड लाइफ स्कीम के तहत हीरो गाड़ी की 100 प्रतिशत कैशबैक की, सोने का सिक्का, चांदी का सिक्का , ओटीटी सब्सक्रिप्शन की गारंटी,.फ्लिपकार्ट ऑफर साथ ही प्रत्येक हीरो गाड़ी के ग्राहकों को दीवार घड़ी दी जा रही है। हीरो गाड़ी पर जीएसटी छूट 15000 तक भी सभी ग्राहकों को दी जा रही है। हीरो के कई मॉडल्स. मोटरसाइकिल में 25000 से 35 000 तक नगद छूट तथा फाइनेंस सुविधा कम डाउन पेमेंट 4999 है। इस वर्ष बारिश पर्याप्त होने से ग्रामीण अंचल के किसानों के चेहरे में भी अच्छी चमक है। अच्छा उत्पादन के बाद ग्राहकों की भीड़ और बढ़ाने की संभावना है।



तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS — हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB (Ortho) MNAMS — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS(General Surgeon) — जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले — MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO — कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती — चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव — एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) — दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता — न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव — आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

### गैराज के सामने खड़े आधा दर्जन ट्रकों से डीजल की हुई चोरी

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 पर अंबेडकर चौक स्थित अलग अलग गैराज के सामने खड़ी आधा दर्जन मालवाहक ट्रकों से डीजल चोरी की घटना से ट्रक संचालक हैरान हैं,मंगलवार की रात घटित घटना के संबंध में बताया गया कि अम्बेडकर चौक पुरानी शराब भट्ठी के पास चार से पांच ट्रक रिपेयर गैराज हैं,यहीं बनने के लिए कई गाड़िया आई हुई थीं,इसी दौरान देर रात आधा दर्जन गाड़ियों के डीजल टैंक का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने डीजल निकाल लिया है,सुबह खड़ी गाड़ियों के टैंक के लॉक खुले हुए मिले जिसके बाद मामले की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी गई,पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीजल चोरी की वारदात को देखा और चोरों की धरपकड़ के लिए आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज पुलिस खंगाल रही है,बता दें कि पिछले करीब पांच से छह वर्षों से ठंडी का मौसम शुरू होते ही डीजल चोरों की सक्रियता अलग अलग सड़क में शुरू हो जाती है,कई वारदात में शामिल आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा भी है, अंतरराज्यीय गिरोह इस डीजल चोरी की वारदात को शातिर तरीके से अंजाम देता है जो चार पहिया वाहन बोलेरो से रेकी कर मौका पाकर डीजल चोरी करते हैं।

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :-12 अक्टूबर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अक्टूबर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप कुमार सिंह आ. स्व. तारकेश्वर सिंह निवासी डी.सी. रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1898/1 रकबा 0.020 हे. भूमि को अनावेदक अल्पना सिन्हा पत्नी अजय सिन्हा निवासी डी.सी.रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के पास अंकन राषि रुपये 20,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त सबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 12.11.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय ने उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.प्रज्ञा ओझा — MBBS, DGO (OBS & GYN) — स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ.इति गुप्ता — MBBS, DDV, FAD (Mumbai) — त्वचा, बाल, नाखून एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ
डॉ.मनीष गुप्ता — BDS, DCC, DMT, LAS (Mumbai) — दंत चिकित्सक एवं स्किन कॉस्मेटोलॉजिस्ट

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर | मो. 9826461355



तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 ऑन लाइन शॉपिंग के बढ़ते दायरे ने छोटे दुकानदारों की तोड़ी कमर








## ग्राम पंचायत उदारी के चलगली जंगल में हुआ सामना

# दोस्तों के साथ घर लौट रहे युवक की दंतैल ने कुचलकर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

लम्बे समय से लुण्ड्रा जंगल में अकेले घूम रहे दंतैल ने बीती रात ग्राम चलगली में एक युवक की कुचलकर जान ले ली। युवक अपने दो साथियों के साथ चलगली के रास्ते अपने घर लौट रहा था इसी दौरान युवक का दंतैल से सामना हो गया। दंतैल द्वारा युवक पर हमला करने के दौरान उसके दो साथियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

**खास बातें**

- 30 हाथियों का दल पहुंचा पुरकेला जंगल
- कोरवापारा बस्ती को कराया गया खाली

वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा में अप्रैल महीने से ही एक दंतैल आसपास के जंगलों में भ्रमण कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार भ्रमण के दौरान दंतैल कई बार मुख्यमार्ग एवं आसपास के गांवों में पहुंचा लेकिन कभी कोई क्षति नहीं पहुंचाई। उसने न तो कभी घरों में तोड़फोड़ किया न ही किसी पर हमला बोला। गर्मी के मौसम में दंतैल को कई बार मुख्य मार्ग एवं आबादी क्षेत्र में ग्रामीणों ने उसे पका आम तोड़ते एवं खाते देखा है। इस दौरान जानकारी के अभाव में ग्रामीण कई बार पास से गुजरे लेकिन दंतैल ने कभी किसी पर हमला करने की कोशिश नहीं की। दंतैल भूख मिटाने के लिए धान व मक्का की फसल को थोड़ा बहुत नुकसान पहुंचाता था। सोमवार को दंतैल वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर अंतर्गत बकना जंगल में मौजूद था। सोमवार को 30 हाथियों के शहर के निकट महामाया पहाड़ पर पहुंचने के दौरान पूरा वन अमला सुरक्षा में तैनात था। हाथियों के महामाया पहाड़ पर दस्तक देने के बाद लोनर दंतैल सोमवार की शाम को ही बलरामपुर वन मंडल के सीमावर्ती बकना जंगल की ओर चला गया तथा बीती रात वापस लौट रहा था। बताया जा रहा है कि मृतक मंगलवार को अपने खेत की जोताई कर रहा था। इस दौरान उसने दंतैल के टमाटर की फसल खाते वीडियो भी वनकर्मियों को भेजी थी। वनकर्मियों को भी दंतैल के बकना जंगल से लौटने की सूचना थी। वनकर्मी दंतैल के पीछे-पीछे चलकर उसकी निगरानी करने एवं आसपास के गांवों में दंतैल की मौजूदगी की सूचना देने का भी दावा कर रहे हैं। वन अधिकारियों का कहना है कि रात्रि 8.30 बजे ग्राम चलगली निवासी अजय पैकरा आ.नेतराम पैकरा (19वर्ष) अपने दो दोस्तों के साथ मोबाइल की रोशनी में बात करते जंगल के रास्ते लौट रहा था इसी दौरान दंतैल से उसका सामना हो गया। दंतैल ने उसे अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया तथा पैरों से कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

इस दौरान मृतक के साथियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई तथा घर पहुंचकर घटना की सूचना परिजन को दी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने शव को बरामद किया। पीएम उपरांत उपवन मण्डलाधिकारी जैनी ग्रेस कुजूर ने बुधवार को मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की।


परिजन को सहायता देती वन अधिकारी।

**किया जा रहा सतर्क**

30 हाथियों का दल पुरकेला जंगल में मौजूद है। हाथियों के भ्रमण को देखते हुए आसपास के ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। हाथियों के सीतापुर जंगल की ओर जाने की संभावना है। ग्राम चलगली में मृतक युवक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की है।

-जैनी ग्रेस कुजूर
उप वन मण्डलाधिकारी

### एक ही दिन दो मौतें

शहर से सटे लालमाटी में मंगलवार को वीडियो बनाने के दौरान हाथियों ने दोपहर 1.30 बजे एक युवक की कुचलकर जान ले ली थी। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा 30 सदस्यीय हाथियों को देखने पहुंचे थे तथा वन एवं पुलिसकर्मियों द्वारा मना करने के बावजूद हाथियों के निकट पहुंच जा रहे थे। लालमाटी का घटनास्थल भी वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा का हिस्सा है। दूसरी घटना ग्राम पंचायत उदारी अंतर्गत ग्राम चलगली में रात्रि 8.30 बजे घटित हुई। मृतक अपने साथियों के साथ कहा गया था इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

### अभी नहीं टला है खतरा

30 हाथियों का दल मंगलवार को वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा के चेंद्रा जंगल से वापस वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर के पुरकेला जंगल में लौट आया है। पुरकेला जंगल से कुछ दूरी पर लुण्ड्रा जंगल की सीमा है। हाथियों के आसपास के आबादी क्षेत्रों में पहुंचने की संभावना पर वनकर्मियों ने पूरे दिन ग्रामीणों को सतर्क किया तथा आवश्यकता पड़ने पर घरों को खाली कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की सलाह दी। विभाग ने पास के कोरवा पारा बस्ती को खाली करा दिया है। वन अधिकारी हाथियों के बतौली, सीतापुर जंगल के रास्ते जशपुर जंगल की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। हाथियों के लुण्ड्रा जंगल जाने अथवा वापस लालमाटी जंगल लौटने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता



# खाना बनाने को लेकर विवाद में युवक ने बड़े भाई का घोंटा गला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में युवक ने अपने ही बड़े भाई की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी युवक भाई की हत्या करने के बाद खुद भी कमरे में सो गया। सुबह जब पिता ने बेटे को जगाने का प्रयास किया तो वह नहीं उठा जिसके बाद उसकी मौत का पता चल सका। इस मामले में पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही आरोपी को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत खड़ा दोरना सरनापारा निवासी रामचरण लकडा अपने बेटे 20 वर्षीय अमोस लकड़ा और 19 वर्षीय निलेश लकड़ा के साथ रहता था जबकि उसका सबसे बड़ा बेटा उमेश लकड़ा मुंबई में कमाने खाने गया हुआ है। 14 अक्टूबर को तीनों पिता पुत्र अपने अपने काम कर चले गए थे। मृतक अमोस लकड़ा ट्रैक्टर चलाने चला गया था। शाम को अमोस और राम चरण लकड़ा घर लौट और खाने में चावल चटनी खाकर सो गए थे। इस दौरान देर रात को जब निलेश घर लौटा तो खाना नहीं बचा था। इसी बात को लेकर अमोस लकड़ा और निलेश के बीच विवाद हुआ था। इसी विवाद के दौरान निलेश ने अपने बड़े भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। चूंकि अमोस शराब के नशे में था इसलिए वह विरोध भी नहीं कर पाया। इधर भाई की हत्या कर युवक भी घर में सो गया जबकि घर में सो रहे पिता को इस घटनाक्रम की भनक तक नहीं लग सकी।

### रात भर कमरे में रहा आरोपी

बताया जा रहा है कि घटना के बाद आरोपी निलेश भी रात भर कमरे में ही रहा। बुधवार की सुबह जब पिता राम चरण लकड़ा ने पुत्र अमोस को जगाने का प्रयास किया तो वह नहीं उठा। ऐसे में उसने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। जब पड़ोसियों ने आकर देखा तो युवक की मौत हो चुकी थी और उसके गले पर दबाने के कारण काला निशान पड़ गया था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी सीआर चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस व फोरेंसिंक की टीम मौके पर पहुंची थी और पंचनामा उपरान्त शव को पीएम के लिए भेजा है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी निलेश को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ जारी है।

### चल रही है जांच

दो भाइयों के बीच हुए विवाद में युवक की हत्या हुई है। इस मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत रिक्त पदों हेतु परीक्षा 24 को

**अम्बिकापुर।** कार्यालय जिला पंचायत सरगुजा से प्राप्त जानकारी अनुसार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक एवं लेखा सह एमआईएस सहायक कुल 18 रिक्त पदों हेतु सभी पात्र उम्मीदवारों के मूल दस्तावेजों (सभी अंक सूची, अनुभव एवं सैलरी से संबंधित मूल दस्तावेज, जाति प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र आदि) का परीक्षण एवं सत्यापन उपरांत, पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों का साक्षात्कार एवं कौशल-लिखित परीक्षा का आयोजन 24 अक्टूबर को शासकीय लाइवलीहुड कॉलेज अंबिकापुर में किया गया है। जिसमें में लेखा सह एमआईएस सहायक (06-पद) हेतु कौशल परीक्षा प्रातः 10.30 बजे से, विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक (02-पद) हेतु साक्षात्कार दोपहर 12 बजे से एवं क्षेत्रीय समन्वयक (10-पद) हेतु कौशल-लिखित परीक्षा दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है।

### फटाका दुकानों की अग्नि सुरक्षा से संबंधित दिशा निर्देश जारी

**अम्बिकापुर।** दीपावली त्यौहार के अवसर पर आतिशबाजी से होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु मुख्यालय स्तर से जारी निर्देश के अनुक्रम में फटाका विक्रेताओं से लायसेंस जारी किये जाने से पूर्व आश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। जिला अग्निशमन अधिकारी एवं जिला सेनानी नगर सेना द्वारा दिशा निर्देश जारी कर बताया गया है कि फटाका दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा बांस रस्सी टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टीन शेड द्वारा निर्मित होने चाहिए, फटाका दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए, फटाका दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार का तेल का लैम्प गैस एवं खुली बिजली बत्तियों का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए, किसी भी फटाका दुकान से 50 मीटर के भीतर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए, विद्युत तारों में ज्वाईंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्टसर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके उपर से हाईटेंशन तार या पावर लाईन न गुजरती हो, प्रत्येक फटाका दुकान में पांच किलो ग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना अनिवार्य है, दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर की क्षमता वाले पानी के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए, फटाका दुकानों के सामने बाइक-कार की पार्किंग प्रतिबंधित होनी चाहिए अग्निशामक वाहन के मुव्हमेंट के लिए व्यवस्था होनी चाहिए।

# लाइन मेंटेनेंस के दौरान हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/लखनपुर

विद्युत लाइन मेंटेनेंस के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आकर तीन मजदूर बुरी तरह से झुलस गए। इस घटना में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दो अन्य श्रमिकों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है वहीं श्रमिकों से बिना सक्षम अधिकारियों व ठेकेदार की निगरानी के काम कराए जाने को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

- जिस फीडर में चालू था करंट उसका करने लगे मेंटेनेंस

बताया जा रहा है कि एक्समेन सिक्यूरिटी सर्विस के द्वारा विद्युत विभाग में मेंटेनेंस कार्य का ठेका लिया गया है और कंपनी के आउट सोर्सिंग कर्मचारी ही विद्युत लाइन सुधार का काम करते है। 14 अक्टूबर को दीपावली मेंटेनेंस कार्य के तहत जेई सचिन कुजूर के निर्देश पर लाइन मेंटेनेंस कार्य के लिए सुबह 10 बजे कर्मचारियों भुनेश्वर दास, सफिर एक्का, संजय सिंह, छोटू लाल टोप्पो, सत्यनारायण टेकाम, संतोष सिंह, पनमेश्वर पैकरा, फलेश्वर सिंह, पुरन सिंह, तुलेश्वर ठाकुर को विद्युत विभाग द्वारा प्रदत्त वाहन में बैठाकर चालक लखनपुर गोरता निवासी 31 वर्षीय दुर्गेश राजवाड़े आ. राम प्रसाद राजवाड़े 33 केवी उदयपुर फीडर का मेंटेनेंस के लिए लेकर गया था। उक्त सभी कर्मचारी तीन तीन के ग्रुप में अपने हिसाब से उत्तर गये और काम करने चले गए थे। इस दौरान तुलेश्वर ठाकुर, सतनारायण टेकाम व सफिर एक्का एक ग्रुप में थे और वे ग्राम जजगा में काम करने के लिए रुके थे। मजदूरों को जजगा में उतारने के बाद चालक बाकी कर्मचारियों को लेकर आगे चला गया। इस दौरान दोपहर 1 बजे ठेकाकर्मी छोटू लाल ने फोन कर चालक को बताया कि तुलेश्वर ठाकुर, सत्यनारायण टेकाम और सफिर एक्का लाइन मेंटेनेंस के दौरान बिजली करंट की चपेट में आ गए है। ऐसे में चालक दुर्गेश राजवाड़े केशगंवा में काम कर रहे अन्य कर्मचारियों को लेकर तत्काल घटना स्थल पर पहुंचा। इस दौरान सत्यनारायण टेकाम और तुलेश्वर ठाकुर बेहोश पड़े हुए थे जबकि सफिर होश में था। चालक तीनों को वाहन से लेकर तत्काल लखनपुर सीएचसी पहुंचा जहां चिकित्सकों ने तुलेश्वर ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजन संतुष्टि नहीं होने पर निजी वाहन से उसे लेकर मिशन अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही इस घटना घायल अन्य मजदूरों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में मिशन अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।



### बड़ी लापरवाही हुई उजागर

हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर लखनपुर भुवापारा निवासी 30 वर्षीय तुलेश्वर ठाकुर आ. बलभद्र सिंह ठाकुर की मौत के बाद परिजन सदमे में है। वहीं इस घटना के बाद एक बड़ी बात सामने आई है कि कर्मचारियों को उदयपुर फीडर में काम करना था जिसके मेंटेनेंस के लिए करेंट सप्लाई बंद की गई थी लेकिन कर्मचारी डांडगांव फीडर के मेंटेनेस कार्य में लग गए जबकि इस फीडर का करेंट सप्लाई चालु था। इस घटना से एक बात स्पष्ट होती है कि हाई वोल्टज लाइन के मेंटेनेस का कार्य ठेकेदारों और अधिकारियों की निगरानी के बिना ही कराया जाता है इसके साथ ही सुरक्षा संबंधी बातों का ख्याल भी नहीं रखा जाता है जिससे इस तरह की घटना हुई।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने दूध, मिठाई का लिया सैम्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दीपावली पर्व के मद्देनजर उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला सरगुजा द्वारा जिलेभर में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत मिठाई दुकानों, डेयरी एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है।

- खोवा के नमूने जांच में फेल, होगी कार्रवाई

दीपावली के दौरान खोवा, दूध एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की बिक्री बढ़ने के कारण मिलावट की संभावना को ध्यान में रखते हुए यह अभियान विशेष सतर्कता के साथ संचालित किया जा रहा है। जिले में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा अंबिकापुर शहर के विभिन्न चौराहों एवं प्रमुख बाजार क्षेत्रों में दूध विक्रेताओं एवं डेयरी उत्पादों की जांच की जा रही है। बाहर से लाए जा रहे दूध एवं खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजे जा रहे हैं। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम-विनियम 2011 के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विगत दिनों मेसर्स औरा ए. फूड लॉन्ज, अंबिकापुर से संकलित पनीर एवं मेसर्स मोहन भोग स्वीट्स एंड बेकर्स, जनपद पंचायत के पास से संकलित खोवा के नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर से प्राप्त रिपोर्ट में अवमानक स्तर के पाए गए हैं। दोनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध संबंधित अधिनियम के अंतर्गत न्यायालयीन कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। इसके अतिरिक्त विभागीय चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (मोबाइल वैन) के माध्यम से भी जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की स्थल पर जांच की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।






## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद विषय पर संगोष्ठी

**रामानुजनगर।** रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद थीम के साथ आयुष विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय मे समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयुष टीम के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके त्रिपाठी, डॉ. आरके शुक्ला, डॉ. सीमा त्रिपाठी द्वारा आयुर्वेद की महत्ता, आयुर्वेद जीवन शैली पर व्याख्यान दिया। आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा ऋतुचर्या आहार विहार, किशोरी स्वास्थ्य पर परिचर्चा कर छात्र-छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान किया। संगोष्ठी में रामकुमार साहू, श्रीमती चित्रलेखा सिंह, उत्तम प्रकाश, कन्हैयालाल, पुनीत विजय टोप्पो, आयुर्वेद फार्मासिस्ट अर्चना पांडे, शिवपूजन गुप्ता, आशीष कुमार मेहर, श्रीमती स्वाति, अश्वनी सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रविशंकर कुर्रे उपस्थित रहे।

### टीवी मरीजों को वितरण किया गया पोषण किट व दवाइयां




**भैयाथान।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड भास्करपारा कोल माईन के सौजन्य से विकासखंड भैयाथान एवं ओड़गी के कुल 65 टीबी मरीजों को पोषण किट और दवाइयों का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड भास्करपारा कोल माईन ने सभी 65 मरीजों को एक वर्ष के लिए गोद लिया है। इस अवधि में प्रत्येक माह मरीजों को पोषण किट और आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.केडी पैकरा, जिला टीबी अधिकारी डॉ.जेएस सरोता, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राकेश सहित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीनियर जीएम डी पात्रा, एजीएम विजय कुमार, मैनेजर पीके सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### बर्तन दुकान का दरवाजा तोड़ नकदी समेत 50 हजार के सामानों की चोरी

**बिश्रामपुर।** नगर के रेलवे स्टेशन चौक स्थित हरीश मेटल बर्तन दुकान के पिछले हिस्से के लगे दरवाजे को तोड़कर अज्ञात चोरों ने गल्ले में रखे 4 हजार रुपये नगदी रकम समेत करीब 45 हजार से अधिक कीमत के अलग अलग प्रकार के बर्तन अपने साथ ले गए हैं।घटना की जानकारी दुकानदार को दूसरे दिन लगी, जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो पाया कि चोर दुकान के पिछले हिस्से में लगी लकड़ी के दरवाजे का हिस्सा तोड़कर भीतर प्रवेश किए और दुकान से फूल और कांसे का बर्तन सहित गल्ले में रखा 4 हजार के करीब नगदी रकम साथ ले गए हैं,दुकान संचालक दुर्गा राजवाड़े ने मामले की लिखित सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी है,सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुटी है,प्राप्त जानकारी अनुसार चोर जिस पिछले दरवाजे से पहुंचे थे उसका पिछला हिस्सा स्टेट वेयर हाउस गोदाम से लगा हूआ है,गोदाम में लगे सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को चोरों के बारे में सुराग मिलने की बात कही जा रही है।

### अनुशासनहीनता एवं लापरवाही पर ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**अम्बिकापुर।** जनपद पंचायत उदयपुर के अंतर्गत कार्यरत ग्राम पंचायत कुमहेवा के सचिव शिवभजन सिंह को शासन के आदेशों की अवहेलना, लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उदयपुर द्वारा 29 सितम्बर को प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार सचिव शिवभजन सिंह की ड्यूटी धरती आबा योजना के तहत आयोजित शिविर में लगाई गई थी, परंतु वे बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, घरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कर्मयोगी अभियान के तहत 15 सितम्बर को ग्राम पंचायत कुमहेवा के आदि कर्मयोगियों के प्रशिक्षण में भी उनकी ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें उन्होंने लापरवाही एवं अनुशासनहीनता का परिचय देते हुए उपस्थिति नहीं दी। जनपद पंचायत से उन्हें मनरेगा से स्वीकृत सेग्रीगेशन शेड कार्य को पूर्ण करने हेतु बार-बार निर्देशित किया गया था, किंतु श्री सिंह द्वारा कार्य में कोई रुचि नहीं ली गई और कार्य अधूरा रहा। इसके अलावा, सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समयसीमा में निराकरण न करने और जनपद स्तर पर अपील की सुनवाई हेतु उपस्थित न होने की भी शिकायतें प्राप्त हुईं। जनपद पंचायत से जारी कारण बताओ सूचना पत्र का भी उन्होंने कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया। लगातार अनुपस्थित रहने, निर्देशों की अवहेलना करने और कार्य में उदासीनता बरतने के कारण उनका यह आचरण पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम-3 का उल्लंघन पाया गया है, जो कि दंडनीय है। उक्त कारणों से शिवभजन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जनपद पंचायत उदयपुर निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## छोटे दुकानदारों का कारोबार चरमराया

# ऑन लाइन शॉपिंग के बढ़ते दायरे ने छोटे दुकानदारों की तोड़ी कमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर




शहर में संचालित दुकान में पसरा सन्नाटा।

जिले में इन दिनों व्यापारी ऑनलाइन खरीदी का मार झेल रहे है। त्योहारों के इस सीजन में जहां पहले बाजार में ग्राहकों की रौनक होती थी वहीं ऑनलाइन खरीदी के बाद बाजार की रौनक फीकी पड़ गई है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ते दायरे ने छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी और व्यापारियों की आर्थिक स्थित कमजोर होता जा रहा है, जिसका प्रमुख कारण व्यापार का ऑनलाइन होना बताया जा रहा है।

शहर सहित आसपास क्षेत्रों में ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता दायरा छोटे दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। शहर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग की जाती है। ऐसे में स्थिति ऐसी निर्मित हो गई है कि घर के बगल के दुकान में जो सामान आसानी से उपलब्ध हो सकता है, उसे भी ऑनलाइन खरीदा जा रहा है। जिले के अन्य छोटे बड़े नगर के व्यापारी को त्यौहार के इस सीजन में अच्छे व्यापार होने की उम्मीद होती है परंतु ऐसा नजर नहीं आ रहा। नगर के मुख्य मार्केट समेत बाजार में जहां त्योहार के सीजन में खरीदारी करने ग्राहकों की भीड़ होती थी वहीं अब बाजार में सन्नाटा छाया रहता है। व्यापारियों की माने तो जब से ऑनलाइन खरीदी शुरू हुई है तब से इसका असर व्यापार पर पड़ा है। हर कोई आज ऑनलाइन शॉपिंग कर रहा है। कुछ भी खरीदने के लिए वे अपना मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं। बेशक उसमें कोई खरीदने की समझ न हो लेकिन फटाफट ऑर्डर कर देते हैं। ऑनलाइन खरीदी में अगर पहले पेमेंट कर दे और सामान गलत भी भेज देते है जिससे खरीदार को पछताना पड़ता है। त्यौहार के इस सीजन में सेल लगने का झांसा दिया जा रहा जिसमें लोग लालच में आ जाते है जिसका खामियाजा छोटे दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि एक समय सूरजपुर सहित जिले के अन्य शहरों की दुकानदारी की ऐसी स्थिति थी कि कोई छोटा दुकान कर के भी अपनी आजीविका आसानी से चला लेता था।

आसपास के दर्जनों गांव से ग्राहक बड़ी संख्या में पहुंचते थे, परंतु बीते कुछ साल में जिस प्रकार से ऑनलाइन मार्केटिंग का दायरा बढ़ गया वैसे-वैसे छोटे दुकानदारों की दुकानदारी भी कम होती गई। शहर में कई दुकान बीते कुछ वर्षों में खुला वहीं कई बंद हो गए। पहले बेरोजगार युवाओं को जब नौकरी नहीं मिलता था तो वे दुकान खोलकर आजीविका चला लेते थे लेकिन अब ऑनलाइन शॉपिंग होने के कारण दुकान खोलकर आजीविका चलाना भी मुश्किल हो गया है।

**खास बात**

- ग्राहकों की कमी से बाजार की रौनक फिका, दुकान संचालक परेशान

### महिलाएं करती हैं सबसे अधिक ऑनलाइन शॉपिंग

महिलाओं द्वारा सबसे अधिक ऑनलाइन शॉपिंग की जाती है। पुरुष भी ऑनलाइन सामान मंगाते हैं परंतु पुरूषों की तुलना में महिलाएं ऑनलाइन सामान ज्यादा मंगाती है। यदि ऑनलाइन की जगह स्थानीय दुकानों से सामान लेने लगे तो बाजार की रौनक न सिर्फ वापस लौट आएगी बल्कि बाजार गुलजार हो जाएगा।

## क्या कहते है व्यवसायी

### बिक्री में आई कमी



मोबाइल दुकान संचालक कार्तिक गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग के कारण दुकानदारों की बिक्री में काफी कमी आई है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर डिस्काउंट और ऑफर के कारण ग्राहक बाजारों की दुकानों से खरीदारी करने के बजाय ऑनलाइन खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं जिससे दुकानदार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।

### ग्राहक हुए कम



गिफ्ट कार्नर संचालक अंजय जैन ने बताया कि पहले दुकानदारी बहुत अच्छी थी परंतु धीरे धीरे जिस प्रकार से ऑनलाइन का दायरा बढ़ रहा है उससे दुकानदारी काफी प्रभावित हुई है। त्यौहार के सीजन में ग्राहकों की भीड़ होती थी लेकिन अब पहले की अपेक्षा ग्राहक काफी कम हो गए है। जबकि त्यौहार को लेकर विभिन्न प्रकार के गिफ्ट आइटम लाया था परंतु बिक्री अपेक्षा अनुरूप नहीं है।

### ऑनलाइन शॉपिंग में ग्राहकों की दिलचस्पी



कपड़ा व्यवसाय आशीष अग्रवाल ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग के चलते पूरे शहर की दुकान प्रभावित हुई है जिसका खामियाजा दुकानदार भुगत रहे हैं। त्यौहार के मद्देनजर हम लोग मार्केट को देखते हुए आधुनिक रंग डिजाइन के कपड़े ला रहे हैं। बावजूद इसके ग्राहक का ऑनलाइन शॉपिंग में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं जिससे व्यवसाय पर असर पड़ा है।

### दुकानदारी पर पड़ रहा असर



बूट हाउस दुकान संचालक दिनेश कुमार जैन ने बताया कि ऑनलाइन खरीदी से सबसे अधिक फूट वियर पर पड़ा है। बच्चों से लेकर बड़ो एवं महिलाओं के लिए लोग अब दुकान के बजाय जूता, चप्पल, सैंडल यहां तक की बच्चों के लिए भी ऑनलाइन शॉपिंग करते है। हम लोग प्रिंट से भी कम में देने को तैयार हैं उसके बाद भी ग्राहक कम हो गए है। जिसका असर दुकानदारी पर पड़ रहा है।



# पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने समाज प्रमुखों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने आज विभिन्न पिछड़ा वर्ग के समाजों के प्रमुखों से मुलाकात कर समाज की समस्याओं, कल्याणकारी योजनाओं और विकास के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य भी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने समाज प्रतिनिधियों से सामुदायिक भवन, बच्चों की शिक्षा के स्तर एवं समाज द्वारा विद्यार्थियों के कल्याण की दिशा में किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अन्य समाजों द्वारा किए जा रहे अच्छे पहल से सीख लेकर पिछड़ा वर्ग को भी अपने आर्थिक और सामाजिक उन्नयन की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग को विकसित समाज बनाने के लिए सभी को मिल जुल कर, समग्र दृष्टिकोण से कार्य करना होगा। इसके लिए सामूहिक योजना बनाकर यह तय किया जाए कि किन-किन क्षेत्रों में पिछड़ा वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मानसिकता में परिवर्तन लाना होगा। राज्य के बाहर के लोग यहां आकर व्यवसाय कर रहे हैं, जबकि हमारे समाज के लोग संसाधनों के बावजूद पिछड़े हैं। हमें अपने संसाधनों का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनना होगा।। उन्होंने कृषि, पशुपालन, उद्यमिता एवं कौशल विकास से जुड़ी पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में समाज के लोगों को अधिक से अधिक जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न समाज प्रमुखों ने भी अपनी मांगें रखीं। कुशवाहा समाज के प्रतिनिधि सुनील कुमार कुशवाहा ने समाज के युवाओं के उन्नयन की आवश्यकता पर बल देते हुए जिला स्तरीय सामुदायिक भवन की मांग की।

सर्व यादव समाज के प्रतिनिधियों ने ओबीसी आरक्षण को लेकर अपनी बात रखी और गौधाम योजना में यादव समाज को प्राथमिकता देने की मांग की। नाई समाज के प्रतिनिधि नरेंद्र ठाकुर एवं बसंत लाल ठाकुर ने कौशल विकास हेतु वर्कशॉप और प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग की। कुम्हार समाज के प्रतिनिधि दिनेश कुमार प्रजापति ने भी समाज की समस्याएं रखते हुए योजनाओं से अधिक लाभ दिलाने की बात कही।

- शिक्षा, रोजगार, सामुदायिक भवन आवश्यकता व आरक्षण जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा



# मां-बेटी को डीएलएसए ने दिलाई राहत, बेटे को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में कराया दाखिल

सूरजपुर। जिस बेटे से मां ने बुढ़ापे में सहारे की उम्मीद की थी, उसी ने नशे के गिरफ्त में आकर उन्हें और उनकी छोटी बेटी को दहशत के माहौल में जीने को मजबूर कर दिया। आए दिन की मारपीट, गाली-गलौज और नशे के लिए पैसों की मांग से तंग, मां- बेटी को आखिरकार घर से ही निकाल दिया, लेकिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस लाचार मां के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा और न केवल उन्हें सुरक्षा दिलाई, बल्कि बेटे को भी इलाज के लिए नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल कराया।

माँ-बेटी को जब पीएलव्ही उमेश कुमार के माध्यम से पता चला की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक सलाह और सहायता उपलब्ध कराता है, तो वे अपनी समस्या लेकर डीएलएसए कार्यालय पहुंची। उन्होंने अपनी पूरी व्यवस्था सचिव पायल टोपनो को बताई। सचिव पालय टोपनों ने मां की आर्थिक कमजोरी और बेबसी को समझते हुए तत्काल संवेदनशीलता दिखाई।

उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकार मित्र को पीडित मां की ओर से नशा मुक्ति केंद्र में दाखिले हेतु तुरंत आवेदन तैयार करने मदद करने के निर्देश दिए। आवेदन मिलते ही सचिव पायल टोपनो ने बिना देर किए थाना प्रभारी को पत्र जारी किया। जिस पर पुलिस ने पुत्र की सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण कराकर नशा मुक्ति केंद्र में दाखिला कराया।

# आज से जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन हेतु चलेगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जिला अध्यक्ष के चयन हेतु संगठन सृजन अभियान के तहत सरगर्मी बढ़ गई है। जिले में अध्यक्ष के चयन हेतु पर्यवेक्षकों की टीम बलरामपुर जिले में पहुंचेगी। एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक 16 व 17 अक्टूबर को जिला व ब्लॉक स्तरीय बैठक करने के साथ ही कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष के चयन हेतु रायशुमारी करने के साथ ही छह नामों का पैनल तैयार किया जाएगा।

बता दें कि संगठन सृजन अभियान के तहत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में जिला अध्यक्ष के चयन हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा विकास ठाकरे को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उनके साथ टीम में खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव, पूर्व विधायक खुज्जी श्रीमती छन्नी साहू को शामिल किया गया है। पर्यवेक्षकों की टीम 16 अक्टूबर को जिले में आ रही है। इस दौरान पहले दिन रघुनाथनगर, वाड्रफनगर, रामचंद्रपुर, रामानुजगंज में ब्लॉक बैठक आयोजित की जाएगी। दिनभर की बैठकों के पश्चात शाम 5 बजे बलरामपुर मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी, सभी ब्लॉकों एवं अग्रिम संगठनों की संयुक्त बैठक रखी गई है। इस बैठक में संभावित प्रत्याशियों से व्यक्तिगत संवाद तथा आवेदन पत्र संग्रह की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके अतिरिक्त शाम 7 बजे सामाजिक एवं प्रोफेशनल समूहों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष संवाद बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कांग्रेस की नीतियों, संगठनात्मक दृष्टिकोण और स्थानीय जन समस्याओं पर चर्चा होगी। 17 अक्टूबर को राजपुर, शंकरगढ़, चांदो, कुसमी ब्लॉक बैठक भी वहीं संपन्न होगी। इन बैठकों में ब्लॉक संगठन की मजबूती, प्रचार-प्रसार की रणनीति और बूथ स्तरीय कार्ययोजना पर विशेष चर्चा होगी।

- पर्यवेक्षकों की टीम करेगी ब्लॉक का दौरा

### संगठनात्मक मूल्यांकन और संभावित नेतृत्व परिवर्तन

सूत्रों के अनुसार, इन बैठकों के माध्यम से न केवल संगठनात्मक स्थिति का आकलन किया जाएगा बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संभावित प्रत्याशियों की स्थिति का भी मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही, पार्टी के अंदर संभावित नेतृत्व परिवर्तन पर भी चर्चा संभव है। जिला अध्यक्ष पद के लिए कई नाम चर्चा में हैं जिनमें शंकरगढ़ ब्लॉक से वर्तमान जिला अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंहदेव, वाड्रफनगर ब्लॉक से हरिहर यादव, रामचंद्रपुर से अजय गुप्ता, राजपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता सुनील सिंह, चांदो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुला प्रमुख दावेदारों में माने जा रहे हैं।

### व्यवसाय के नाम पर तीन लोगों से ऑनलाइन ठगी

**बिश्रामपुर।** चिकन खरीद बिक्री के नाम पर तीन लोगों से आनलाइन ठगी किए जाने का मामला सामने आया है,गौरतलब है कि ग्राम रविंद्रनगर निवासी सूरज सरकार जो महावीरपुर कालीघाट में चॉइस सेंटर का संचालन करता है एवं देवनाथ व कालीघाट निवासी एक युवक के साथ चिकन व्यवसाय सम्बन्धी खरीद बिक्री करने के नाम पर हजारों रुपए की ऑनलाइन ठगी की घटना को अज्ञात लोगों द्वारा अंजाम दिया गया है,मामले में ठगी के शिकार हुए एक युवक को उसकी रकम वापस मिल जाने की बात कही जा रही है,जबकि दो अन्य ऑनलाइन ठगी के शिकार युवकों द्वारा मामले की शिकायत साइबर सेल व जयनगर थाना में की गई है,मामले में पुलिस द्वारा ऑनलाइन ठगी करने वाले अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# अग्रसेन भवन में आरएसएस का कुटुंब मिलन कार्यक्रम

**बिश्रामपुर।** अग्रसेन भवन में आयोजित कुटुम्ब मिलन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुनील कुलकर्णी संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख ने कहा कि संघ 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष मना रहा है,संघ ने निस्वार्थ सेवा अनुशासन,राष्ट्र सर्वोपरि के मूल्य पर आधारित सामाजिक समरसता,पर्यावरण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है,उन्होंने शताब्दी वर्ष के प्रमुख सात कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला,उन्होंने कुटुंब प्रबोधन पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुटुंब प्रबोधन पारिवारिक रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है,हमें अपने से निम्न चार-पांच वर्ग के व्यक्तियों से संपर्क कर सहज रूप से समाज में पारिवारिक प्रेम की भावना एवं समरसता लाना है,शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के अंतर्गत स्वदेशी,सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य एवं कुटुंब प्रबोधन के बारे में उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि पंच परिवर्तन से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन के साथ उभरते भारत की चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है,कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह विष्णु अग्रवाल ने किया,कार्यक्रम में कोरिया विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी,जिला संघ चालक सत्यम गर्ग,विभाग संयोजक कुटुंब प्रबोधन राजेश अग्रवाल,विभाग सह प्रचार प्रमुख महेश गुप्ता,जिला मुख्य मार्ग एवं छात्रावास प्रमुख वीरेश सिंह,महाविद्यालयीन प्रमुख सुमित मित्तल,दुर्गा वहिनी की रचना सिंह एवं शशि राजवाड़े,सहित काफी संख्या मे मातृत्व शक्ति एवं संघ के कार्यकर्ता सपरिवार उपस्थित हुए।



## 64 लाख का राशन घोटाला, आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

**अम्बिकापुर।** शहर की तीन राशन दुकानों से 64 लाख के राशन की हेराफेरी करने के मामले में सत्र न्यायाधीश ने समिति के अध्यक्ष पवन सिंह की अग्रिम जमानत की याचिका निरस्त कर दी है। जन कल्याण खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति द्वारा वर्षों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तीन शासकीय राशन दुकानों का संचालन किया जा रहा है। सहायक खाद्य निरीक्षक शिव कुमार मिश्रा ने सितम्बर 2022 से 31 मार्च 2024 तक के राशन भण्डारण एवं वितरण का भौतिक सत्यापन किया गया तो 1631.29 क्विंटल चावल, 10.43 क्विंटल शक्कर एवं 48.34 क्विंटल चना कम मिला जिसकी कीमत 64 लाख निकली। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सहायक खाद्य निरीक्षक ने कोतवाली थाने में राशन दुकानों का संचालन करने वाली समिति के अध्यक्ष पवन सिंह आ. दीप नारायण सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता पैकरा सहित अन्य आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस मामले में धारा 420, 409, इसी एक्ट की धारा 3, 7 का मामला पंजीबद्ध किया है। मामले में पुलिस की गिरफ्तारी से बचने आरोपी पवन सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी जिसकी सुनवाई 10 अक्टूबर को की गई थी। सोमवार को विशेष न्यायाधीश मनीष दुबे ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया। लाखों का राशन हड़पने के मामले में कोतवाली पुलिस ने समिति के अध्यक्ष पवन सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता पैकरा, सहायक विक्रेता फरहान सिद्दीकी, प्रिंस जायसवाल, सैफ अली एवं मुकेश यादव के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### नवीन महाविद्यालय रघुनाथ नगर के 3 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय टीम में



**वाड्रफनगर।** शासकीय लरंग साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज में आयोजित क्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय नवीन महाविद्यालय, रघुनाथ नगर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र देव प्रसाद का चयन राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु किया गया है। मंगलवार को शासकीय कालिदास महाविद्यालय प्रतापपुर में आयोजित सेक्टर स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सुमित्रा यादव एवं हिना परवीन की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। खिलाड़ियों ने क्रीडा प्रभारी डॉ.प्रदीप सैनी के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना के बल पर यह सफलता अर्जित की है। प्राचार्य डॉ.एसके सिंह ने विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




